खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी) : (क) से (ग). एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है। (पुस्तकालय में रख दिया गया। देखिये संख्या LT—800/67]

## सोयाबीन की खेती

3677. श्री रामावतार शास्त्री :
श्री क० ना० मधुकर :

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इस तथ्य के बारे में कोई अनुसन्धान किया है कि सोयाबीन में दूध के बराबर प्रोटीन होती है;

(ख) यदि हां, तो सोयाबीन की खेती बढ़ाने के लिये सरकार ने क्या योजना बनाई है; और

(ग) यदि नहीं, तो देश में विद्यमान खाद्यान्न संकट को ध्यान में रखते हुए सोयाबीन का उत्पादन न बढ़ाने के क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां। सोयाबीन में प्रोटीन 33 प्रतिशत होता है जब कि गाय के दूध में प्रोटीन 3.3 प्रतिशत व भैंस के दूध में 4.3 प्रतिशत होता है।

(ख) देश के 10 क्षेत्रीय केन्द्रों में भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद ने सोयाबीन के विषय में एक अखिल भारतीय समन्वित परियोजना शुरू की है जिस पर अप्रैल, 1967 से 4 वर्ष की अवधि में कुल मिला कर लगभग 10.63 लाख रुपए व्यय होंगे। इस के अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश व उत्तर प्रदेश के 1500 एकड़ क्षेत्र में मक्का के साथ सोयाबीन की मौजूदा किस्मों को उगाने का कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव है; इस के अतिरिक्त आगामी खरीफ में बुवाई के लिये उत्तर प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पन्त नगर 500 एकड़ भूमि में बुवाई करने के लिए अमरीका से सोयाबीन का 12 मीटरी टन बीज मंगवा रहा है।



(ग) प्रश्न ही नहीं होता।

## Ports in Goa, Daman and Diu

3678. **Shri Shinkre:** Will the Minister of **Transport and Shipping** be pleased to state:

(a) the expenditure incurred since independence of Goa, Daman and Diu on development of ports, other than Mormugao in that Union Territory;

(b) the expenditure incurred during the same period on the development of Mormugao Port, the amount spent in every category of work;

(c) whether there is any comprehensive plan formulated by the former Portuguese rulers of that territory regarding the development of ports, specially the mechanisation of Mormugao; and

(d) if so, the action taken by Government to implement the scheme?

**The Minister of Transport and Shipping (Dr. V. K. R. V. Rao):** (a) Rs. 35.53 lakhs.

(b) Rs 293.37 lakhs on the following categories:

| | Rs. in Lakhs |
|---|---|
| Civil Works | 27·43 |
| Machinery and equipment | 11·35 |
| Dredging | 21·42 |
| Marine craft | 208·43 |
| Consultancy | 4·19 |
| Other works | 20 55 |
| TOTAL | 293·37 |

(c) The erstwhile Portuguese Government formulated a scheme for the construction of three jetties at Mormugao Port for handling ore carriers of

about 30,000 to 35,000 tonnes alongside mechanically, with the plants to be provided and owned by private parties with a loading rate of 1500 tonnes per hour per plant. each plant having a handling capacity of 2.5 million tonnes per annum. The entrance channel and basin were also to be dredged and improved to suit carriers of the size mentioned above.

(d) This scheme was not implemented after liberation as it was found to be inadequate for larger bulk carriers. A new scheme for provision of modern ore handling facilities to cater to larger bulk carriers is under consideration.

**Food Imports from Japan**

**3679. Shri Shinkre:** Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state:

(a) the total quantity of rice and *other foodgrains imported from Japan* during 1965-66 and 1966-67;

(b) the expected arrivals from Japan during the current year of 1967-68;

(c) whether any special mission has been sent to Japan to negotiate increase in the supply of rice;

(d) whether Government of the Union Territory of Goa, Daman and Diu have approached the Central Government with a scheme to import the Japanese rice on barter of iron and manganese ore from Goa; and

(e) if so, Government's reaction thereto?

**The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde):** (a) and (b). No commercial purchases of rice or other foodgrains were made from Japan during 1965-66 and 1966-67; nor is there any proposal to import rice or other foodgrains from Japan in 1967-68 on commercial basis. However. 4921 tonnes of Burma rice and 5000 tonnes of Thai rice were received in 1966-67 as gift from the Japanese Government. The gift was made by the Japanese Government through the Japanese Red Cross to the Indian Red Cross.

(c) No, Sir.

(d) No, Sir.

(e) Does not arise.

**हरियाणा में यमुना नदी पर पुल**

3680. श्री ओंकार सिंह :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या परिवहन तथा नौवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हरियाना में हसनपुर (तहसील पलवल) के निकट यमुना नदी पर एक पुल बनाने के सम्बन्ध में सरकार को कोई प्रस्ताव मिला है;

(ख) क्या इस प्रस्ताव पर सरकार विचार कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में कब तक निर्णय किये जाने की संभावना है ?

**परिवहन तथा नौवहन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री भक्त दर्शन) :** (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते ।

**आम चुनावों पर व्यय**

3681. श्री जगन्नाथ राव जोशी :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री राम सिंह अयरवाल :

क्या विधि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1962 के आम चुनावों में लोक सभा तथा राज्य विधान सभाओं के सदस्यों ने कुल कितना व्यय किया था;

(ख) हाल के चुनावों में इन सदस्यों ने कुल कितना व्यय किया;